कोरोना की फर्जी रिपोर्ट देने वाले डॉक्टर समेत दो गिरफ्तार

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली जिले की पुलिस ने कोविड-19 की फर्जी रिपोर्ट देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक डॉक्टर और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

दक्षिणी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त अतुल ठाकुर ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार डॉक्टर की पहचान डॉ. कुश परासर और उसके सहयोगी अमित सिंह के रूप में की गयी है। मालवीय नगर इलाके में अपना क्लिनिक चलाने वाला डॉ. परासर जानी-मानी लेबोरेटरी की नकली रिपोर्ट तैयार करवा कर लोगों को देता था। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद डॉ. परासर ने बताया कि अब तक वह 75 से ज्यादा लोगों की रिपोर्ट तैयार कर चुका है।श्री ठाकुर ने बताया कि इस मामले में हौज खास थाने में एक शिकायत मिलने के बाद जांच में पूरा मामला सामने आया। दक्षिणी दिल्ली में नर्स उपलब्ध करवाने का व्यवसाय करने वाले एक शख्स ने डॉ. परासर से संपर्क कर अपनी दो नर्स का कोविड टेस्ट करवाने के लिए कहा। दोनों नर्सों के सैम्पल लिए गये लेकिन उसे किसी लैब में भेजने की बजाय डॉक्टर परासर ने अपने सहयोगी अमित सिंह की मदद से कोरोना की नकली निगेटिव रिपोर्ट बनवाकर उस व्यक्ति को भेज दिया।

अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट पीडीएफ फॉर्मेट की शक्ल में जाने-माने लैब के नाम से होती थी तो कोई शक भी नहीं करता था लेकिन इस बार नर्स की रिपोर्ट कंप्यूटर पर तैयार करने वाले अमित से गलती हो गयी। उसने एक नर्स के नाम में गड़बड़ी कर दी। इसके बाद वो शख्स नाम ठीक करवाने के लिए खुद ही लैब में चला गया। वहां जाकर उसे पता चला कि इस नाम का कोई मरीज उनके यहां रजिस्टर नहीं है, ना ही उनका कोई टेस्ट यहां किया गया है। इसके बाद उस शख्स ने पुलिस में शिकायत कर दी। शिकायत मिलने पर जांच करके पुलिस ने डॉ. परासर और उसके सहयोगी अमित को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में डॉ. परासर ने स्वीकार किया कि उसने सीएआर डाइग्नोस्टिक लैब, मॉडर्न डाइग्नोस्टिक एन्ड रिसर्च सेंटर, डॉ पी भसीन पैथलैब्स प्राइवेट लिमिटेड तथा प्रोग्नोसिस लेबोरेट्रीज के नाम से कोविड की फर्जी रिपोर्ट तैयार कर करीब 75 लोगों को दिए हैं। डॉक्टर कोविड जांच के लिए हर मरीज से 2400 रुपए लेता था।

30 इंस्पेक्टर-एसएचओ हुए इधर से उधर

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के 30 इंस्पेक्टरों-एसएचओ का तबादला किया गया है। आज यहां जारी एक लिस्ट के अनुसार रितुराज को एसएचओ कोतवाली, समीर श्रीवास्तव को एसएचओ नारायणा, जोगिन्दर सिंह दहिया को एसएचओ रूप नगर, प्रमोद कुमार को एसएचओ न्यू अशोक नगर, राज कुमार को एसएचओ वसंत कुंज, वेद प्रकाश को एसएचओ सीआर पार्क, प्रवीण कुमार को एसएचओ बाराखंभा रोड, राजीव भारद्वाज को एसएचओ जाफराबाद, प्रह्लाद सिंह यादव को एसएचओ हौजकाजी, उगेश कुमार को एसएचओ जैतपुर, आकाश रावत को एसएचओ प्रीत विहार, दलीप कुमार को एसएचओ अमर कॉलोनी, अजब सिंह को एसएचओ साउथ कैंपस, अनंत कुमार गुंजन को एसएचओ सरिता विहार, पारस नाथ वर्मा को एसएचओ पालम गांव, हरीकिशन को एसएचओ चाणक्यपुरी, सुर्वेश कुमार को एसएचओ जहांगीरपुरी, सुरेश कुमार को एसएचओ बुराड़ी, कुलदीप सिंह को एसएचओ फतेहपुर बेरी, भूपेश कुमार को एसएचओ नॉर्थ रोहिणी और टीएस नेगी को एसएचओ तिमारपुर बनाकर भेजा गया है जबकि महिन्दर कुमार को द्वारका जिला, सुनील कुमार को नॉर्थ-वैस्ट जिला, अजय कुमार सिंह को नई दिल्ली जिला, सुरेन्द्र कुमार को रोहिणी जिला, संजीव कुमार को शाहदरा जिला, रमन कुमार को साउथ वैस्ट जिला, राजीव कुमार को पूर्वी जिला, आनंद स्वरूप को तीसरी बटालियन डीएपी और राम मेहर को सिक्युरिटी भेजा गया है।

छावला पुलिस ने अरेस्ट किया वाहन चोर

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। द्वारका जिले की थाना छावला पुलिस ने एक वाहन चोर को अरेस्ट किया है। इसकी पहचान गोयला डेरी निवासी 23 वर्षीय हनी के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की एक बाइक और ई-रिक्शा की चार बैटरियां बरामद की हैं। डीसीपी द्वारका संतोष कुमार मीणा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 2 सितम्बर की रात 10 बजे कांस्टेबल राम स्वरूप नाला कुतुब विहार के पास पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बाइक पर आ रहे एक युवक को चैकिंग के लिए रोका। उसके पास से बरामद बाइक रोहतक, हरियाणा से चोरी की गई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर ई-रिक्शा की चार बैटरियां बरामद की गईं।

फरीदाबाद में टूटा कोरोना बम: 220 नए संक्रमित आए

फरीदाबाद, (वीअ)। फरीदाबाद पर आज कोरोना संक्रमण कहर बनकर टूटा। जिले में आज 220 नए संक्रमित विभिन्न हिस्सों से आए है। वहीं 124 रोगियों ने संक्रमण को मात दी है। जबकि दो लोगों की संक्रमण व अन्य बीमारियों की चपेट में आने से मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पर्वतीय कालोनी निवासी 71 वर्षीय बुजुर्ग तथा सैक्टर-37 निवासी 47 वर्षीय व्यक्ति की कोरोना संक्रमण व अन्य बीमारियों की चपेट में आकर मृत्यु हुई है। नगर निगम की टीम ने दोनों मृतकों के शवों का अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइड लाईन के तहत किया है।वहीं जिले में शुक्रवार को सबसे अधिक 220 मरीज क्रमशः डबुआ कालोनी, जवाहर कालोनी, पर्वतीय कालोनी, एसजीएम नगर, गांधी कालोनी, अमर नगर, संजय कालोनी, आदर्श नगर, जमाई कालोनी, भीकम कालोनी, भीमसेन कालोनी, अहीरवाड़ा, बसेलवा कालोनी, तिलपत, पन्हेड़ा, सेहतपुर सहित अन्य कालोनियों से आए है। जबकि 124 रोगियों ने संक्रमण को मात दी है।उप सिविल सर्जन एवं जिला नोडल अधिकारी-कोरोना डा. रामभगत ने बताया कि जिला में अब तक 91915 लोगो को सर्विलांस पर लिया जा चुका है, जिनमें से 48229 लोगों का निगरानी में रखने का 28 दिन का पीरियड पूरा हो चुका है। शेष 43686 लोग अंडर सर्विलांस हैं। कुल सर्विलांस में रखे गए लोगों में से 92091 होम आइसोलेशन पर हैं। अब तक 145610 लोगों के सैंपल लैब में भेजे गए थे, जिनमें से 131902 की नेगेटिव रिपोर्ट मिली है तथा 372 की रिपोर्ट आनी शेष है।

बहन के प्रेमी की हत्या के आरोप में व्यक्ति व उसका दोस्त गिरफ्तार

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहबाद डेयरी क्षेत्र में बहन के प्रेमी की हत्या के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके एक दोस्त को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों की पहचान शाहबाद डेयरी निवासी अरमान और रोहिणी के सेक्टर-16 निवासी उसके दोस्त करण सिंह के रूप में हुई है। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम चार बजकर 56 मिनट पर शाहबाद डेयरी पुलिस को प्रह्लादपुर के पास एक शव पड़ा होने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि पुलिस जब वहां पहुंची तो जल संयंत्र के सामने हरित क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला।पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तरी) गौरव शर्मा ने कहा, व्यक्ति का गला किसी धारदार हथियार से कटा था और उसके पास से आईडी कार्ड भी बरामद नहीं हुआ। बाद में मृतक की पहचान 26 वर्षीय धर्मेंद्र उर्फ राज के रूप में हुई, जो शाहबाद डेयरी की जेजे कालोनी का निवासी था। उन्होंने बताया कि शाहबाद डेयरी पुलिस थाने में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी। तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर अरमान तथा सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया।पूछताछ के दौरान पता चला कि अरमान की बहन के साथ धर्मेंद्र के प्रेम संबंध थे और वह अपने दोस्तों से इसके बारे में बात किया करता था। अरमान को यह बात अच्छी नहीं लगी और उसने धर्मेंद्र को ऐसा करने से मना किया लेकिन उसने इस पर ध्यान नहीं दिया जिसके बाद आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से मध्यम आकार की एक तलवार और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। आगे की जांच जारी है।

दुर्व्यवहार करने और धमकी देने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली, (वीअ)। पश्चिमी दिल्ली में बाहरी रिंग रोड पर एक दंपत्ति से साथ कथित रूप से बदतमीजी करने और धमकी देने के लिये दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान पश्चिम विहार के करण चोपड़ा (36) और सतप्रीत सिंह (35) के रूप में हुई है।पुलिस ने कहा कि बाहरी रिंग रोड पर कार में दो व्यक्तियों के कार में शराब पीने और एक दंपत्ति के साथ दुर्व्यवहार करने तथा धमकी देने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। उन्होंने कहा कि यह इलाका पश्चिम विहार (पूर्व) थाने में आता है। शिकायतकर्ता अक्षित नंदा का पता लगाकर उनसे संपर्क किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उनकी शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 509, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

कोयला घोटाला: अदालत ने महाराष्ट्र की कंपनी तथा अन्य के खिलाफ आरोप तय करने के आदेश दिए

नई दिल्ली, (विसं)। दिल्ली की एक अदालत ने महाराष्ट्र की एक कंपनी और उसके तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ 2005 में राज्य में तीन कोयला खदानों के आवंटन की मांग के दौरान कथित तौर पर धोखाधड़ी करने, फर्जीवाड़ा और आपराधिक षडयंत्र रचने को लेकर आरोप तय किये। विशेष न्यायाधीश भरत पाराशर ने आरोपी कंपनी टॉपवर्थ ऊर्जा एंड मेटल्स लिमिटेड जिसे पहले श्री वीरांगना स्टील्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और इसके पूर्व अधिकारियों - अनिल कुमार सक्सेना, मनोज माहेश्वरी और आनंद नंद किशोर सारदा- के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिये मुकदमा चलाने के निर्देश दिए।

यह मामला कंपनी को महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में मार्की मंगली-दो, तीन और चतुर्थ कोयला ब्लॉक के आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।सरकारी वकील वी के शर्मा ने कहा कि आरोपी व्यक्ति कोयला ब्लॉक आवंटित होने के समय कंपनी के अधिकारी थे।कंपनी को टॉपवर्थ ग्रुप को बेचने के बाद इसका नाम बदल दिया गया।अदालत ने हालांकि कंपनी के तीन वर्तमान अधिकारियों - सुरेंद्र चंपालाल लोढ़ा, अनिल ओम प्रकाश नेवतिया और स्वप्न कुमार मित्रा के खिलाफ मामला चलाने के साक्ष्य नहीं होने के कारण उन्हें आरोप मुक्त कर दिया। आरोप मुक्त किए गए लोगों के वकील पी के दुबे ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किलों ने कंपनी के नाम और उसके प्रारूप में बदलाव के बारे में सरकार को पूरी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा, कंपनी के मौजूदा और पूर्व अधिकारियों के बीच कोई साजिश नहीं थी। अदालत ने चार अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के निर्देश दिए।

लम्बित मांगों को लेकर आशा वर्करों का धरना जारी

फरीदाबाद, (वीअ)। स्थानीय बादशाह खान अस्पताल के बाहर अपनी लंबित मांगों की प्राप्ति के लिए आशा वर्करों ने जमकर प्रदर्शन किया। आंदोलनरत कर्मचारियों का नेतृत्व यूनियन की उप प्रधान अनीता भारद्वाज ने किया। जबकि संचालन जिला सचिव सुधा पाल कर रही थी। इस मौके पर सीटू के जिला सचिव लालबाबू शर्मा और जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह डंगवाल तथा बैंक यूनियन के प्रधान ओम प्रकाश उपस्थित थे। आंदोलनरत वर्करों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह डंगवाल ने सरकार पर आशा वर्करों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में यूनियन की बैठक मंत्री जी के साथ हुई थी। उसमें सभी मांगों को लागू करने पर सहमति बन गई थी। लेकिन जब नोटिफिकेशन जारी किया गया। तो उसमें स्वीकृत मांगों का उल्लेख नहीं था। उन्हीं मांगों के समर्थन में और कोरोना महामारी के दौरान सबसे अधिक काम करने के उपरांत केंद्र सरकार द्वारा दी गई प्रोत्साहन राशियों का सरकार के द्वारा भुगतान नहीं करने और जोखिम भत्ता लागू नहीं करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर 7 अगस्त से संघर्ष कर रही हैं। लेकिन सरकार ने इनके समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सरकार की अनदेखी के खिलाप जब आशा वर्करों ने 26 अगस्त को विधानसभा सत्र के दौरान पंचकूला में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया तब सरकार ने मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य लाभ के बाद वार्ता करने का भरोसा दिलाया। लेकिन इस अवसर के आने से पहले ही पंचकूला पुलिस ने आशा वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों सहित सीटू के पांच नेताओं पर 28 अगस्त को झूठे मुकदमें दायर कर दिए। डगवाल ने बताया कि इस तरह के मुकदमे दायर करने से आंदोलन कमजोर नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने आशा वर्करों की मांगों को लागू नहीं किया और झूठे मुकदमे वापस नहीं लिए तो यूनियन बड़े आंदोलन का ऐलान करेगी। यूनियन की मुख्य मांगों मांगों में आशाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दो, एक्टिविटी की काटी गई 50 प्रतिशत राशि वापस देने, ईएसआई पी एप का लाभ देने, जोखिम भत्ता 4000 लागू करने, एएनएम की भर्ती में आशा वर्करों को वरीयता देने इत्यादि हैं। आज के प्रदर्शन को लालबाबू शर्मा, बैंक कर्मी ओम प्रकाश, सुधा पाल, सुशीला चौधरी, नीलम जोशी, पूजा गुप्ता इत्यादि ने भी संबोधित किया।

गौतमबुद्ध नगर में दो सड़क हादसों में महिला समेत तीन की मौत

नोएडा, (वीअ)। गौतमबुद्धनगर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना फेस- दो क्षेत्र के सेक्टर 93 के पास शुक्रवार सुबह को एक डंपर ट्रक तथा मिनी ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में मिनी ट्रक के चालक जितेंद्र तथा परिचालक अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, थाना सूरजपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह को तिलपत गांव के पास हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार यहां एक स्कूटी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार सुमन (37 वर्ष) की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ताबड़तोड़ गोलियां चला कर दहशत पैदा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नोएडा, (वीअ)। गौतम बुद्ध नगर पुलिस कार्यालय में तैनात एक दफ्तरी (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) ने बृहस्पतिवार देर रात ताबड़तोड़ गोलीबारी कर लोगों के बीच दहशत फैला दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बंदूक को भी जब्त कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) हरीश चंदर ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि सादुल्लापुर गांव के पास स्थित जनता फ्लैट में एक व्यक्ति बंदूक से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि थाना ईकोटेक-3 की प्रभारी निरीक्षक अनीता चौहान ने हवा में गोलियां चला रह जितेंद्र नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार जितेंद्र ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित पुलिस कार्यालय में दफ्तरी का काम करता है। उसकी बंदूक के लाइसेंस को निरस्त करने की कार्वाई की जा रही है।

होटल राजहंस को निजी हाथों में सौंपने से नाराज कर्मचारी यूनियन ने विधायक गुप्ता व शर्मा को ज्ञापन सौंपा

फरीदाबाद, (सुनील शर्मा)। हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के महासचिव युद्धवीर सिंह खत्री, संगठन सचिव टीकाराम, सचिव लच्छीराम व मुरारी लाल प्रधान होटल राजहंस सूरजकुंड उनके साथ सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान अशोक कुमार व करतार सिंह ने विधायकों को ज्ञापन सौंपा। भाजपा के नरेंद्र गुप्ता ने यूनियन नेताओं से ज्ञापन लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा टूरिज्म के होटल राजहंस सूरजकुंड को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर घाटे से उबारने के लिए पीपीपी मॉडल पर देना चाहते हैं। घाटे पर निगम को नहीं चलाया जा सकता। संघ के महासचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने बताया कि सरकार व पर्यटन प्रशासन इसको चलाना नहीं चाहते हैं। निजी होटल में ओयो एप के माध्यम से कमरे चलते हैं उनका किराया एक हजार रुपए से भी कम है पर्यटन निगम में दो रुपए से अधिक में मिलते हैं। बाजार भाव में बहुत ज्यादा अंतर है। उनके पास केवल बिल्डिंग हैं। पर्यटन निगम पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हुए पेड़ पौधे भी लगाए हुए हैं। उनका आम जनता को फायदा पहुंचता है। आपको अवगत करानें की हरियाणा एक नवंबर 1966 को पंजाब से अलग हुआ था उस समय एक यादविन्द्र गार्डन पिंजौर में था। चौधरी बंसीलाल के ओएसडी रहे पूर्व आईएएस अधिकारी एसके मिश्रा ने सुरजकुण्ड, बड़खल झील, सोहना के गर्मपानी के चश्मे के पास सौंदर्य करण करके शहरों से बाहर पंचायत की जमीन पर कृत्रिम झील तिलयार रोहतक, कर्ण लेक करनाल में खुदाई करके नहर का पानी छोड़ कर बनाई है। बेकार जमीन पर पेड़ पौधे लगवा कर पर्यावरण को सुधारने का काम किया। हरियाणा पर्यटन निगम हरियाणा की संस्कृति का प्रतीक भी है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर देशी विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन स्थलों को चौधरी बंसीलाल के बाद चौधरी देवीलाल ने सूरजकुंड मेले को 1988 में पहला हस्तशिल्पों को प्रोत्साहन देने के लिए लगाया। पर्यटन निगम रेस्टोरेंट में अच्छे होटलों से कुक लेकर आए। पाकशास्त्र संस्थान पानीपत व फरीदाबाद में खोले जिनसे शिक्षा ग्रहण करके युवा सरकारी व निजी होटल व विदेशों में भी अच्छी नौकरी पा रहे हैं। भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक भी नया पर्यटन केन्द्र नहीं बनाया है। भाजपा के लिए शुभ होटल राजहंस सूरजकुंड को अपने चहेते पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए कोरोना काल को चुना है। हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जनहित में होटल राजहंस सूरजकुंड को बेचने नही देगा। कोरोनावायरस से लड़ने की क्षमता रखते हैं तो सरकार से भी टकराने से नहीं डरते। उन्होंने कहा कि हमें बड़ा दुःख है कि चौधरी देवीलाल के वंशज उनके धरोहर को बेचने वाले सरकार में शामिल हैं। दुष्यन्त चौटाला को भी चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा होता है तो हरियाणा की मेहनत कश जनता कभी माप नहीं करेगी। हरियाणा टूरिज्म कर्मचारी संघ सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा जनता के बीच भी जाएगा। इससे पहले 10 से 12 सितंबर को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सितम्बर 22 को पर्यटन निगम चेयरमैन रणधीर सिंह गोलन के पूंडरी में प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें पूंडरी हल्का की जनता को बताया जाएगा कि जो तुमने विधायक चुना है वो जनता के सार्वजनिक विभाग को बेच कर स्थाई रोजगार खत्म कर रहा है। नीरज शर्मा विधायक एनआईटी ने कहा कि विधानसभा में इस मुद्दे पर चर्चा में शामिल करके निजीकरण का विरोध करुंगा। ज्ञापन देने वाले अशोक प्रधान सूरजकुंड, मैगपाई के सचिव सुभाष चन्द्र तंवर, कुंदन लाल प्रधान अरावली गोल्प क्लब, सुरेन्द्र चांदना बड़खल झील भी शामिल थे।

कोरोना: गौतमबुद्ध नगर में 153 नए मामले सामने आए

नोएडा, (वीअ)। जनपद गौतमबुद्ध नगर में कोविड-19 के 153 मामले सामने आए जिसके साथ ही शुक्रवार को यहां संक्रमितों की कुल संख्या 8,481 हो गई है।जिला निगरानी अधिकारी नीरज त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को 153 नए संक्रमित सामने आए जबकि संक्रमण मुक्त हुए 123 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में फिलहाल।,188 लोग उपचाराधीन हैं। कोरोना वायरस की वजह से अब तक जनपद में 46 लोगों की मौत हो चुकी है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि जो लोग आज कोविड-19 से संक्रमित पाए गए है, उन्हें यहां के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण की वजह से जनपद में 292 निषिद्ध क्षेत्र बनाए गए हैं।

क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

फरीदाबाद, (भाषा)। फरीदाबाद पुलिस ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) टी-ट्वंटी क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से 1.4 लाख रूपए नकद भी बरामद किए है। एसीपी धारणा यादव ने बताया कि सेक्टर 30 की टीम ने जितेंद्र, प्रवीण उर्फ घोसी, गौरव उर्फ टिंकू, नीरज कुमार उर्फ हनी, दिविज उर्फ हनी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी एनआईटी एरिया फरीदाबाद के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एक मामला सूरजकुंड थाना में दर्ज कराया है। आरोपियों को चार्मवुड विलेज सोसायटी से दबोचा गया। आरोपी सीपीएल के मैच पर सट्टा लगा रहे थे। एसीपी (क्राइम) अनिल यादव ने बताया कि आरोपी पिछले तीन चार महीनों से जगह बदल बदल कर सट्टा खेल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 104000 रुपए नकद, चार लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी, सट्टा स्लिप, सेटअप बॉक्स आदि बरामद किए है।

पेयजल समस्या के लिए कांग्रेस महासचिव के नेतृत्व में लोगों ने किया प्रदर्शन

फरीदाबाद, (वीअ)। पिछले छह सालों से एसी नगर में पेयजल समस्या गहराती जा रही है। बीते कल भी यहां के लोगों ने निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया था, लेकिन संयुक्त-आयुक्त ने यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि वह निगमायुक्त से मिलें। आज यहां फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने अपने साथियों के साथ एसी नगर का दौरा किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि ए सी नगर में पिछले 6 सालो से पीने के पानी की समस्या सबसे बड़ी समस्या बन गई है साथ ही गंदे नाले की समस्या भी काफी बड़ी समस्या है। जोकि आज तक पक्का नहीं हुआ। कच्चे पुलिया बनी हुई है जिससे लोगों ने अपने आने जाने का रास्ता बनाया हुआ है। लोगों ने बताया कि खुले नाले की वजह से ऐ सी नगर के बच्चे, बूढ़े सभी बीमारियों की चपेट में हैं। आज महामारी को देखते हुए जब भाजपा के मंत्री, विधायक कोरोना जैसी बीमारी की चपेट है तो इस गंदगी को देखते हुए अब वो दिन दूर नहीं जब पूरे सी नगर इस कोरोना महामारी की चपेट में होगा। इस खुले नाले की वजह से यहां के लोगों की उम्र भी कम होती जा रही है। पानी की है लोग दूर-दूर जाकर पानी भर कर लाकर अपना गुजारा कर रहे हैं कांग्रेस की सरकार सरकार में जब पूर्व विधायक आनंद कौशिक विधायक बने थे तो उन्होंने ऐसी नगर में ट्यूबल लगवाए थे जिससे पानी की समस्या खत्म हो गई थी। भाजपा के नुमाइंदे आकर वायदे कर जाते हैं लेकिन कार्य कोई नहीं करते। लोगो ने बताया कि ट्यूबवैल खराब पड़े है कई बार फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायक व अधिकारियो से शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

इसके बाद यहां के लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। श्री कौशिक ने कहा कि अगर तीन दिन में ए सी नगर में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह ए सी नगर के लोगों के साथ नगर निगम का घेराव करेंगे।

बीमा कराने के नाम पर लोगों को ठगने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

नोएडा,(वीअ)। नोएडा में कर्ज दिलाने और बीमे का झांसा देकर लोगों को ठगने के आरोप में तीन लोगों को थाना सेक्टर-39 की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया।पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी अभिनेंद्र सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-39 पुलिस ने शुक्रवार को एक सूचना के आधार पर दुर्गेश उर्फ फैजान, राहुल तथा पद्मम सैनी को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने पंकज कुमार महतो नाम के एक व्यक्ति समेत सैकड़ों लोगों के साथ कर्ज दिलाने तथा बीमा कराने के नाम पर ठगी की थी। उन्होंने बताया कि साइबर सेल प्रभारी बलजीत सिंह और थाना सेक्टर 39 पुलिस ने इन तीनों आरोपियों को आज गिरफ्तार किया।उन्होंने बताया कि तीनो आरोपी फोन कर लोगों को कर्ज और बीमे की पेशकश करते थे। एक आरोपी लड़की की आवाज में लोगों से बात करता था। इनके पास से पुलिस ने डेबिट कार्ड, आईपैड ,एटीएम कार्ड समेत अन्य चीजें जब्त की है। उन्होंने बताया कि पुलिस इनके बैंक खातों की जांच कर रही है।

It is informed to the public at large that my client Smt. Prem Wati W/o Late Om Prakash, R/o Near Janta Medical Store, House No. 267, Mangal Bazar Wali Gali, Burari, North Delhi, Delhi-110084 has severed all her relations with her son Jeet Singh S/o Late Om Prakash and his wife and their Two sons hereby debarred and disowned him, his wife, sons from all her moveable and immovable properties and shall not be liable for any act and omission done by him and her and their sons. That if any person deals with him and her and their children, he/she shall do the same to their own risks, costs and responsibilities and my client and her other family members shall not be liable for the same.
Rishi Kumar, Advocate, Chamber No. 731, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-110054.

मेरी मुवक्किला कान्ता देवी पत्नी स्व. बिशनदास निवासी टी-एच-1 मुंशीराम बाग, नजदीक एफ-45, नया रंजीत नगर, दिल्ली-110008 ने अपने पुत्रों सतपाल उर्फ टीटू व सुमित पुत्रवधूओं सीमा श्वेता व नेहा एवं पुत्री रानी उर्फ मोना को सपरिवार उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके लेन-देन व दुष्कार्यों के लिए उत्तरदायी नहीं होंगी।
अम्बे लाल, अधिवक्ता, चैम्बर वी-27, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।

Be it known to all that my clients Pushpa and her husband Sh. Ramesh Chand both R/o Plot No. A-3 G/F Sehyog Vihar Blk A, J.J. Colony, Pappan Kalan, Dwarka Near MCD School, New Delhi-110075, have severed all relations with his son namely Amen, and have disowned & disinherited them from all their movable and immovable property due to unruly behaviour and threat to false implication of entire family of my clients. Whatsoever deals with them in any manner, shall to do so at his/her own risk and consequences and my clients shall not be held liable for that. **Ravindra Kanth, Advocate, Chamber No. 639, Dwarka Distt. Courts, New Delhi-110075.**

It is informed to the public at large that my client Smt. Prem Wati W/o Late Om Prakash, R/o Near Janta Medical Store, House No. 267, Mangal Bazar Wali Gali, Burari, North Delhi. Delhi-110084 has severed all her relations with her son Captan Singh S/o Late Om Prakash and his wife and their son and daughter hereby debarred and disowned him, his wife, son and daughter from all her moveable and immovable properties and shall not be liable for any act and omission done by him and her and their son and daughter. That if any person deals with him her and their children, he/she shall do the same to their own risks, costs and responsibilities and my client and her other family members shall not be liable for the same.
Rishi Kumar, Advocate, Chamber No. 731, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-110054.

वीर अर्जुन

I, Sunil Kumar S/o Sh. Surat Singh R/o Flat No. 248, Vidya Vihar, West Enclave, Pitam Pura, New Delhi-110034 have changed the name of my minor son from Tanishq to Tanishq Chahal for all purposes in future.
C-23006

I, Hari Chand S/o Sh. Chhote Lal R/o H. No. 63, Village Naya Bans Alias Iradat Nagar, Delhi-110082 I have changed the name of my minor son from Jatin to Sanket for all purposes in future.
C-23006

I, Deepak Kumar S/o Rajesh Kumar R/o H. No. 13, Street No. 5, Molarband Extension, New Delhi, declare that my Diploma Certificate Provissional Certificate and Marksheet of Automobile Engineering Course Roll No. 283510 Passing year 2011 issued by G.B. Pant Polytechnic Institute, Okhla, New Delhi have been lost.
C-23007

असाही इंडिया ग्लास लिमिटेड
CIN: L26102DL1984PLC019542
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नं. 203-208, त्रिभुवन कॉम्प्लैक्स, ईश्वर नगर, मथुरा रोड, नई दिल्ली-110065, फोन (011) 49454900
कॉर्पोरेट कार्यालय: पाचवां तल, टॉवर-बी, ग्लोबल बिजनैस पार्क, मेहरौली-गुड़गांव रोड, गुरुग्राम-122002 (हरियाणा)
फोन: (0124)-4062212-19, फैक्स: (0124)-4062244/88,
Email: investorrelations@aisglass.com, www.aisglass.com

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 35वीं वार्षिक आम सभा के आयोजन की सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि क